# ध्येय पथ
## दिसम्बर–2019

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर

01 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम सभा मंझरिया जंगल धूसड़ में आयोजित किया गया जिसमें हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप एवं गुरू श्रीगोरक्षनाथ इकाई के स्वयं सेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने नाटक के माध्यम से एड्स के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सौरभ कुमार सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।




## राष्ट्रीय प्रदूषण नियन्त्रण दिवस

02 दिसम्बर को प्रार्थना सभा में राष्ट्रीय प्रदूषण नियन्त्रण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बी.एड्. विभाग की प्रवक्ता श्रीमती साधना सिंह ने औद्योगिक आपदा के प्रबन्धन और नियन्त्रण के लिए उद्बोधन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। साथ ही भोपाल गैस त्रासदी में जान गँवाने वाले लोगों को महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की।




## नौसेना दिवस की पूर्व संध्या एवं डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयन्ती

03 दिसम्बर को प्रार्थना सभा में नौसेना दिवस की पूर्व संध्या एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयन्ती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष श्री मंजेश्वर शर्मा ने व्याख्यान प्रस्तुत कर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।



## महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का संस्थापक सप्ताह समारोह

04 से 10 दिसम्बर को प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक सप्ताह समारोह का आयोजन हुआ। सप्ताह भर चलने वाले इस भव्यतम आयोजन में महाविद्यालय ने सक्रिय सहभाग किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी



बेन पटेल, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, महाविद्यालय के प्रबन्धक एवं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज एवं मेयर सीताराम जायसवाल का मार्गदर्शन




महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एएवं कर्मचारियों सहित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद से सम्बद्ध सभी शिक्षण संस्थाओं को प्राप्त हुआ। महाविद्यालय द्वारा शोभा यात्रा में 04 दिसम्बर को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के संस्थापक समारोह के उद्घाटन अवसर पर निकाली जाने वाली शोभा–यात्रा में छात्र/छात्राओं द्वारा विविध महत्वपूर्ण विषयों यथा, स्वच्छता, पर्यावरण, अनुच्छेद 370 महिला सशक्तिकरण, राष्ट्रीयता एवं भारत के स्वाभिमान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदानों को उकेरने वाली महत्वपूर्ण झाँकिया निकाली गई जो शहर वासियों को आकृष्ट कर रही थी। सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम में महाविद्यालय ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर आयोजित होने वाली सभी प्रतियोगिताओं मे प्रतिभाग किया।

10 दिसम्बर को महाविद्यालय शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह के मुख्य महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल एवं गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज के कर कमलों द्वारा योग्यता छात्रवृत्ति विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी, शोभा–यात्रा में श्रेष्ठ पद संचलन एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के सभी संस्थाओं में सर्वश्रेष्ठ





कार्य के आधार पर श्रेष्ठतम संस्था सहित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की विभिन्न संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों को कुल 715 पुरस्कार प्रदान किया गया। महाविद्यालय की तरफ से विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया–जिसमें हिन्दी भाषण प्रतियोगिता में माधवेन्द्र त्रिपाठी (बी.एड. प्रथम वर्ष), आशुभाषण प्रतियोगिता में सत्यप्रकाश तिवारी (बी.ए. द्वितीय वर्ष), अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में सर्वेश्वर कान्त चन्द्रा (बी.ए. द्वितीय वर्ष) तथा प्रश्नमंच प्रतियोगिता में सत्यप्रकाश तिवारी (बी.ए. द्वितीय वर्ष) व सर्वेश्वर कान्त चन्द्रा (बी.ए. द्वितीय वर्ष) को पुरस्कृत किया गया।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर महापरिनिर्वाण दिवस

06 दिसम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष श्रीमती कविता मध्यान ने उद्बोधन प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।



## अंग्रेजी विभाग में कहानी लेखन प्रतियोगिता

07 दिसम्बर को अंग्रेजी विभाग द्वारा कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 42 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें कौशिकी चतुर्वेदी बी.ए. भाग दो को प्रथम स्थान बिमलेन्दु उपाध्याय बी.ए. भाग एक को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सांत्वना पुरस्कार आदित्य व प्रद्युम्न को संयुक्त रूप से प्राप्त हुआ। सभी प्रतिभागियों को अंग्रेजी विभागाध्यक्ष कविता मध्यान ने शुभकामना दी।



## गृहविज्ञान विभाग में विशिष्ट व्याख्यान

07 दिसम्बर को गृहविज्ञान विभाग के अन्तर्गत 'उपचारात्मक आहार' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान की मुख्य वक्ता जोसेफ वूमन्स कॉलेज गोरखपुर की प्रवक्ता डॉ. कनक लता मिश्रा ने 'उपचारात्मक आहार' विषय पर उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री सुनिधि गुप्ता तथा आभार ज्ञापन श्रीमती किरन सिंह ने किया।



## बी.एड. विभाग में दृश्य–श्रव्य कार्यशाला

09 दिसम्बर को बी.एड. विभाग में 'लोकतंत्र का समसामयिक विमर्श' विषय पर दृश्य–श्रव्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला में राजनीतिशास्त्र विभाग के प्रवक्ता डॉ. कृष्ण कुमार पाठक ने लोकतंत्र विषय पर प्रस्ताविकी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य सुश्री रचना सिंह तथा आभार ज्ञापन श्रीमती साधना सिंह ने किया। कार्यशाला में बी.एड. विभाग के शिक्षक एवं बी. एड. प्रथम वर्ष के छात्राध्यापक व छात्राध्यापिकाएँ उपस्थित रहे।



## भौतिक विज्ञान विभाग में पोस्टर प्रतियोगिता–



14 दिसम्बर को विश्व ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा 'क्लीन एनर्जी–ग्रीन एनर्जी' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 18 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें विद्यार्थियो ने हरित ऊर्जा स्वच्छ ऊर्जा अक्षय ऊर्जा, ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण आदि बिन्दुओं पर आधारित पोस्टर बनाये गये जिसमें कुंवर अमन सिंह को प्रथम स्थान, (बी.एस–सी. प्रथम वर्ष) कुंवर शिवम सिंह (बी.एस–सी. प्रथम वर्ष) को द्वितीय स्थान तथा ऋषभ यती को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल में डॉ. शैलेन्द्र ठाकुर रहे। प्रतियोगिता का संयोजन श्रीमती मनीता सिंह ने किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर




15 दिसम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम सभा मंझरिया, जंगल धूसड़ में आयोजित किया गया जिसमें हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप एवं श्री गोरक्षनाथ ईकाई के स्वयंसेवकों एवं स्वयं सेविकाओं ने गाँव में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जिसमें अन्तर्गत गाँव के सड़क, नालियों की सफाई तथा ग्रामवासियों को गन्दगी से होने वाले बीमारियों के बारे में बताया और सिंगलयूज प्लास्टिक से पर्यावरण को हो रहे नुकसान के प्रति जागरूक किया।

## रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग में विशिष्ट व्याख्यान



16 दिसम्बर को विजय दिवस के अवसर पर रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग में विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य वक्ता एवं अतिथि के रूप में डॉ. अमित त्रिपाठी ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन के प्रवक्ता श्री रमाकान्त दूबे तथा आभार ज्ञापन विभागाध्यक्ष डॉ. अभिषेक सिंह ने किया।

## ललित कला महोत्सव




16 दिसम्बर को नेशनल एजुकेशनल सोसाइटी गोरखपुर द्वारा ललित कला महोत्सव का आयोजन महात्मा गांधी पी.जी. कॉलेज में सम्पन्न हुआ जिसमें स्वरचित काव्य पाठ में महाविद्यालय के माधवेन्द्र पति त्रिपाठी बी.एड. प्रथम वर्ष को प्रथम स्थान, 'विकेन्द्रीकरण' संयुक्त राष्ट्र के निर्माण में बाधक विषय पर आयोजित वाद–विवाद प्रतियोगिता में पक्ष में प्रिया दूबे (बी.एस–सी. प्रथम वर्ष) की प्रथम स्थान तथा अंकित पाण्डेय (बी.ए. प्रथम वर्ष) को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। विजयी प्रतिभागियों को आचार्य विश्वनाथ प्रसाद तिवारी पूर्व अध्यक्ष साहित्य अकादमी से पुरस्कार प्राप्त हुआ।

## पुरस्कार वितरण समारोह

16 दिसम्बर को महाविद्यालय में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक समारोह के अन्तर्गत योग्यता छात्रवृत्ति कार्यक्रम में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के सदस्य मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र सिंह तथा दिग्विजयनाथ पी. जी. कॉलेज के प्राचार्य एवं संस्थापक सप्ताह समारोह के संचालन समिति के प्रभारी डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने योग्यता एवं प्रतिभा के आधार पर पुरस्कार निम्न विद्यार्थियों को वितरित किया।



प्रिया सिंह पुत्री श्री मुन्ना सिंह, बी.एस–सी. भाग–एक, प्रीति गुप्ता पुत्री श्री राजेश गुप्ता, बी.एस–सी. भाग–एक, प्रज्ञा नन्द शर्मा पुत्र श्री राम नरायण शर्मा, बी.एस–सी. भाग–दो, रितुराज सिंह पुत्र श्री सन्त सिंह, बी.एस–सी. भाग–दो, शिवम कु. जायसवाल पुत्र श्री अमर प्रकाश जायसवाल, बी.एस–सी. भाग–दो, प्रशान्त राय पुत्र श्री रजनीकान्त राय, बी.एस–सी. भाग–तीन, श्वेता मिश्रा पुत्री श्री प्रमोद कुमार मिश्रा, बी. एस–सी. भाग–तीन, सुधा प्रजापति पुत्री श्री दहारी प्रजापति, बी.ए. भाग–एक, कृति सिंह पुत्री श्री नवीन कुमार सिंह, बी.ए. भाग–एक, खुश्बू चौरसिया पुत्री श्री श्रीराम चौरसिया, बी.ए. भाग–दो, बृजमोहन यादव पुत्र श्री राकेश कु. यादव बी.ए. भाग–दो, ललिता गुप्ता पुत्री श्री सुरेश गुप्ता, बी.ए. भाग–तीन, अराधना गौड़ पुत्री श्री सुबाश गौड़, बी.ए. भाग–तीन, सतीश कु. वर्मा पुत्र श्री फरियावन वर्मा, बी.काम. भाग–एक, बेबी मौर्या पुत्री श्री जयनाथ मौर्या,बी.काम. भाग–एक, अभिषेक चतुर्वेदी पुत्र श्री रामअजोर चतुर्वेदी, बी.काम. भाग–दो, नेहा शर्मा पुत्री श्री राजीव शर्मा, बी.काम. भाग–तीन, रजवंत सिंह पुत्र श्री फन्नी सिंह, एम.एस–सी. प्रथम वर्श, अनुपमा सिंह पुत्री श्री दिनेश कुमार सिंह, एम.एस–सी. प्रथम वर्ष, दिनेश पाल पुत्र श्री भरथ पाल, एम.एस–सी. अन्तिम वर्ष, चन्दा सिंह पुत्री श्री गिरिजा शंकर सिंह, एम.एस–सी. अन्तिम वर्श, सीमा पुत्री श्री समद अली, एम.एस–सी. अन्तिम वर्श, अंजलि सिंह पुत्री श्री मैनेजर सिंह, एम.एस–सी. अन्तिम वर्ष, राहुल गिरी पुत्र श्री चन्द्र प्रकाश गिरी, एम.ए. प्रथम वर्ष, ऋषव मिश्रा पुत्र श्री विश्व विजय मिश्रा, एम.ए. प्रथम वर्ष नितेश कु. मिश्रा पुत्र श्री नमो नारायण मिश्रा, एम.

ए. अन्तिम वर्ष, श्रद्धा शर्मा पुत्री श्री उमेश चन्द्र शर्मा एम.ए. अन्तिम वर्ष, सुशील कुमार सिंह पुत्र श्री नन्दलाल सिंह, एम.ए. प्रथम वर्ष, मोनिका नायक पुत्री श्री दिनेश नायक, एम.ए. प्रथम वर्ष, रिंकी पुत्री श्री रविन्द्र विश्वकर्मा, एम.ए. प्रथम वर्ष, पुष्पा पुत्री श्री ज्ञानचन्द, एम.ए. प्रथम वर्ष, प्रियंका सिंह पुत्री श्री रामलाल सिंह, एम.काम. प्रथम वर्ष, अंकिता सिंह पुत्री श्री घनश्याम सिंह एम.काम. अन्तिम वर्ष, मनोरमा निषाद पुत्री श्री अम्बिका निषाद, एम. काम. अन्तिम वर्ष, अम्बिकेश तिवारी पुत्र श्री उमेश तिवारी, बी.एड. प्रथम वर्ष, शिवशंकर प्रसाद पुत्र श्री सन्त प्रसाद, बी.एड. प्रथम वर्ष, नीलम दूबे पुत्री श्री सुरेन्द्र दूबे, बी.एड. अन्तिम वर्ष, सिद्धार्थ कुमार शुक्ला पुत्र श्री संजय शुक्ला, बी.एड. अन्तिम वर्ष, प्रियंका सिंह पुत्री श्री विजयदीप सिंह, बी.एड. अन्तिम वर्ष।

## राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी बलिदान दिवस




17 दिसम्बर को प्रार्थना सभा में राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी बलिदान दिवस के अवसर पर समाजशास्त्र विभाग के प्रवक्ता श्री बृजभूषण लाल ने व्याख्यान प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## दृश्य–श्रव्य माध्यम से विशिष्ट व्याख्यान



18 दिसम्बर को राजनीतिशास्त्र विभाग के तत्वावधान में महाविद्यालय में नागरिकता संशोधन विधेयक 2019 सुरक्षा के लिए अपरिहार्य है'' विषय पर दृश्य–श्रव्य माध्यम से विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## रसायन विज्ञान विभाग में व्याख्यान प्रतियोगिता




18 दिसम्बर को रसायन विज्ञान विभाग में स्नातक स्तर पर व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतिभागियों ने क्वांटम केमेस्ट्री, फोटो केमेस्ट्री पॉलीमर, न्यूक्लिक एसिड आदि विषयों पर पावर प्वांइट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से व्याख्यान दिया। प्रतियोगिता में कुल 28 विद्यार्थी ने प्रतिभाग किया जिसमें वैभव गुप्ता (बी.एस–सी. तृतीय वर्ष) को प्रथम, संयुक्त रूप से मधुरिमा (बी.एस–सी. प्रथम वर्ष) और आलोक सिंह (बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष) को द्वितीय स्थान एवं संयुक्त रूप से भगवान जायसवाल (बी. एस–सी. प्रथम वर्ष) तथा संच्चिदानन्द को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल में डॉ. शिवकुमार बर्नवाल, डॉ. रामसहाय एवं संजय जायसवाल रहे। प्रतियोगिता का संयोजन श्री गौरव तिवारी ने किया।

## समाजशास्त्र विभाग में विशिष्ट व्याख्यान



19 दिसम्बर को समाजशास्त्र विभाग में 'कमजोर वर्गो के विकास में सामाजिक न्याय की भूमिका' विषय पर आयोजित व्याख्यान में दीनदयाल उपाध्याय समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ. पवन कुमार ने व्याख्यान  प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्री बृजभूषण लाल तथा आभार ज्ञापन डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया।

## तीन दिवसीय गणित महोत्सव

19 दिसम्बर से 21 दिसम्बर तक महाविद्यालय में 'गणित विभाग द्वारा तीन दिवसीय गणित महोत्सव का आयोजन किया गया। 19 दिसम्बर को उद्घाटन अवसर पर महात्मा गॉधी पी.जी. कॉलेज, गणित के विभागाध्यक्ष डॉ. यू. के गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा कार्यक्रम के प्रथम तकनीकी सत्र में 'ट्रान्सपोर्टेशन एवं गेम थ्योरी' के मूलभूत सिद्धान्तों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन गणित विभाग के प्रवक्ता श्रीकांत मणि त्रिपाठी तथा आभार ज्ञापन डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव ने किया।



20 दिसम्बर को तीन दिवसीय गणित महोत्सव के द्वितीय तकनीकी सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. विनीत मिश्रा (उपाचार्य गणित विभाग) मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने न्यूमेरिकल एनालिसिस के बारे में व्यापक जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन गणित विभाग के प्रभारी श्रीकांत मणि त्रिपाठी तथा आभार ज्ञापन श्री प्रतीक दास ने किया। तीन इिवसीय गणित महोत्सव के समापन अवसर पर डॉ. विनित मिश्रा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा आभार ज्ञापन श्रीकांत मणि त्रिपाठी ने किया।

## राम प्रसाद विस्मिल, अशफाक उल्ला खाँ, रोशन सिंह बलिदान दिवस



19 दिसम्बर को प्रार्थना सभा में रामप्रसाद बिस्मिल अशफाक उल्लाह खाँ तथा रोशन सिंह बलिदान बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में बी.एड. विभाग के सहायक आचार्य श्री शैलेन्द्र सिंह ने विचार प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## इतिहास विभाग में अतिथि व्याख्यान



19 दिसम्बर को इतिहास विभाग में बलिदान दिवस के अवसर पर 'क्रान्तिकारी आन्दोलन में पं. रामप्रसाद विस्मिल, अशफाक उल्ला खाँ व रोशन सिंह के योगदान विषय पर आयोजित अतिथि व्याख्यान में अखिल भाग्य पी.जी. कॉलेज, रानापार गोरखपुर के इतिहास विभाग के सहायक प्रोफेसर श्री कृष्णानन्द पाठक ने उद्‌बोधन दिया। कार्यक्रम में विषय प्रस्तावना तथा आभार ज्ञापन इतिहास विभाग प्रभारी डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह ने किया।

## भौतिक विज्ञान विभाग प्रतियोगिता



20 दिसम्बर को भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने विभिन्न विषय जैसे– बिगबैंग थ्योरी, लेजर की आधुनिक समाज में उपयोगिता, रिलेटिविटी, लाई फाई द्वारा डाटा जिसमें छात्रों ने विभिन्न विषय पर शोध व्याख्यान प्रस्तुत किया जिसमें भावना जायसवाल (बी.एस–सी. प्रथम वर्ष) को प्रथम स्थान, संयुक्त रूप से नूतन पाण्डेय (बी. एस–सी. तृतीय वर्ष) एवं कुंवर अमन सिंह (बी.एस–सी प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा अम्बुज पाण्डेय (बी.एस–सी द्वितीय वर्ष) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का संयोजक श्रीमती मनीता सिंह ने समस्त प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दी।

## मनोविज्ञान विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला

20 दिसम्बर मनोविज्ञान विभाग द्वारा ''सब्सटेंस एब्यूज एमॉग एडोल्सेंट्स'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता बुद्ध पी.जी. कॉलेज, कुशीनगर के मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर एवं नशा उन्मूलन एवं पूनर्वास केन्द्र की निदेशिका डॉ. रीना मालवीय ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।



कार्यशाला की अध्यक्षता तथा अतिथि स्वागत मनोविज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्र ने की। मनोविज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. वेंकट रमन पाण्डेय ने कार्यशाला का संचालन करते हुए कार्यक्रम की प्रस्ताविकी भी प्रस्तुत की। कार्यशाला में मनोविज्ञान विभाग के विद्यार्थी विवेक कुशवाहा (बी.एस–सी. तृतीय वर्ष), सिल्की कुमार (बी.एस–सी. प्रथम वर्ष), किरन गुप्ता (बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष), नेहा मिश्रा (बी.ए. प्रथम वर्ष), पाण्डेय शिवम जितेन्द्र (बी.एस–सी. तृतीय), मनी प्रकाश पाण्डेय (बी.एस–सी. प्रथम वर्ष), नन्दना गुप्ता

(बी.ए. द्वितीय वर्ष), चन्द्रकला सिंह (बी.एस–सी. प्रथम वर्ष), इशिका सिंह (बी.एस–सी. प्रथम वर्ष), हर्षा गुप्ता (बी.एड्. प्रथम वर्ष) आदि ने अपना विचार प्रस्तुत किया। कार्याशाला में मनोविज्ञान विभाग के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय वर्ष के कुल 65 विद्यार्थियों ने सहभाग किया।

## प्राणि विज्ञान विभाग में व्याख्यान प्रतियोगिता

20 दिसम्बर को प्राणि विज्ञान विभाग के तत्वावधान में छात्र व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बी.एस–सी. प्रथम वर्ष के 30 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम स्थान अल्पना चौधरी, द्वितीय स्थान राकेश गुप्ता तथा तृतीय स्थान चन्द्रप्रभा सिंह ने प्राप्त किया। बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष के 15 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम स्थान शिवम कुमार जायसवाल, द्वितीय स्थान किरन गुप्ता तथा तृतीय स्थान आलोक सिंह ने प्राप्त किया। इसी क्रम में बी.एस–सी. तृतीय वर्ष के कुल 20 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम स्थान प्रजापति ममता द्वितीय स्थान सुश्रीत कुमार एवं तृतीय स्थान संयुक्त रूप से संदीप कुमार तिवारी व विवेक कुमार विश्वकर्मा ने प्राप्त किया। व्याख्यान के अंत में कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आर. एन. सिंह व विनय कुमार सिंह के प्रति आभार एवं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दी।




## कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन

20 दिसम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'मिशन मंझरिया' के अन्तर्गत महाविद्यालय द्वारा गोद लिए ग्रामसभा मंझरिया में ग्रामवासियों को कम्बल वितरण कार्यक्रम गोरखपुर विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. केशव सिंह जी के नेतृत्व में आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव, डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, डॉ. अभिषेक सिंह, और डॉ. सौरभ सिंह की गरिमामई उपस्थिति में हिमानी मिश्रा, सिद्धार्थ कुमार शुक्ला, नीलम दूबे, विजय कुमार, सीमा आदि छात्राध्यापक व छात्राध्यापिकाओं के सहयोग से सम्पन्न हुआ।



## छत्रसाल जयन्ती

20 दिसम्बर को प्रार्थना सभा में छत्रसाल जयन्ती के अवसर पर मनोविज्ञान विभाग के प्रवक्ता डॉ. वेंकट रमन पाण्डेय ने व्याख्यान प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किया।



## राष्ट्रीय किसान दिवस




23 दिसम्बर को प्रार्थना सभा में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन जिसे राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है के उपलक्ष्य में आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में बी.एड. विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह ने किसानों के विकास के लिए निष्पक्ष रूप से कार्य करने वाले नेताओं में सबसे अग्रणी पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जिन्होंने देश के अन्नदाता और उनसे जुड़ी समस्याओं को केन्द्र में रखकर ही उनके राजनीतिक जीवन के सफर के बारे में विचार प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की।

## समाजशास्त्र विभाग में व्याख्यान

23 दिसम्बर को समाजशास्त्र विभाग में व्याख्यान प्रतियोगिता आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 13 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सामाजिक विघटन की समस्या, पर्यावरण प्रदूषण सिंगल यूज प्लास्टिक, अस्पृश्यता आदि विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया जिसमें प्रकाश पाण्डेय (बी.ए. द्वितीय वर्ष) को प्रथम स्थान, अंजली राय (बी.ए. द्वितीय वर्ष) को द्वितीय स्थान तथा सुधीर चौहान एवं अभय राज वर्मा को (बी.ए. प्रथम वर्ष) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य श्री बृजभूषण लाल एवं बी.एड. बी.एड. विभाग की प्रवक्ता श्रीमती साधना सिंह रही। प्रतियोगिता का संयोजन समाजशास्त्र विभाग प्रभारी डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया।



## महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती




24 दिसम्बर को प्रार्थना सभा में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयन्ती के पूर्व दिवस पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान कार्यक्रम में कम्प्यूटर सांइस विभाग के प्रवक्ता श्री हरविन्द श्रीवास्तव ने उद्बोधन प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## वनस्पति विज्ञान विभाग में विशिष्ट व्याख्यान



24 दिसम्बर को वनस्पति विज्ञान विभाग में 'मशरूम संवर्धन' विषय पर आयोजित विशिष्ट व्याख्यान में गुरू गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र, चौकमाफी, गोरखपुर के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर.पी. सिंह ने मशरूम संवर्धन के हर आयाम को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अखिलेश गुप्ता तथा आभार ज्ञापन सुश्री आम्रपाली वर्मा ने किया। इस अवसर पर बी.एस–सी. वनस्पति विज्ञान विषय के सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जोरावर सिंह व फतेह सिंह बलिदान दिवस




26 दिसम्बर को प्रार्थना सभा में वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता श्री नन्दन शर्मा ने जोरावर सिंह व फतेह सिंह को शौर्य गाथा को बताते हुए उनके बलिदान दिवस पर महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## गृह विज्ञान विभाग में अतिथि व्याख्यान



26 दिसम्बर को गृह विज्ञान विभाग में ''बालकों के पालन–पोषण में अभिभावकों की भूमिका'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता डॉ. विमला मिश्रा, प्रवक्ता गृह विज्ञान विभाग, राजकीय डिग्री कालेज, सहजनवां गोरखपुर ने व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष श्रीमती किरन सिंह ने तथा आभार ज्ञापन सहायक आचार्य सुश्री सुनिधि गुप्ता ने किया।

## महर्षि रमण जयन्ती




30 दिसम्बर को प्रार्थना सभा में महान सन्त समाज सेवक महर्षि रमण जी की जयन्ती के अवसर पर राजनीतिशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## मनोविज्ञान विभाग में कार्यशाला



30 दिसम्बर को मनोविज्ञान विभाग में 'स्ट्रेस एण्ड पर्सनालिटी' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में अवध लॉ कॉलेज, बाराबंकी के मनोविज्ञान विभाग की प्रवक्ता डॉ. अपर्णा मिश्रा ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन मनोविज्ञान विभाग के प्रवक्ता डॉ. वेंकट रमन पाण्डेय तथा आभार ज्ञापन मनोविज्ञान प्रभारी डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्र ने किया। कार्यशाला में मनोविज्ञान विभाग के बी.एस–सी भाग–तीन के विद्यार्थी विवेक कुशवाहा; बी.ए. भाग–एक की विद्यार्थी शिवानी गुप्ता, चाँदनी निषाद, अदिति कुमारी; बी.एस–सी भाग–एक की विद्यार्थी सिल्की कुमारी , सूर्य प्रताप आर्य, प्रतिभा यादव आदि ने भी अपना विचार प्रस्तुत किया।

## कम्प्यूटर सांइस विभाग में पोस्टर प्रतियोगिता



30 दिसम्बर को कम्प्यूटर सांइस विभाग द्वारा 'क्लाउड कम्प्यूटिंग शीर्षक पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल के रूप में श्री प्रदीप वर्मा श्री प्रतीक दास व श्री रमाकान्त दूबे ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ज्योति पांचाल, द्वितीय स्थान अम्बुज पाण्डेय तथा तृतीय स्थान ज्योति श्रीवास्तव को चुना।

## राजनीतिशास्त्र विभाग में शोध व्याख्यान प्रतियोगिता



31 दिसम्बर को राजनीतिशास्त्र विभाग में शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के अन्तर्गत सामाजिक न्याय, अनुच्छेद 370 एवं जम्मू कश्मीर की स्थिति, नागरिकता संसोधन कानून आदि विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में 54 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें सर्वेश्वर कान्त चन्द (बी.ए. भाग दो,) प्रथम स्थान, सत्य प्रकाश तिवारी (बी.ए. भाग दो) द्वितीय स्थान प्रकाश पाण्डेय (बी.ए. भाग दो) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संचालन एवं संयोजन डॉ. कृष्ण कुमार पाठक तथा डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

## स्वच्छ कैंपस में एम. पी.जी. को देश में 39 वॉ स्थान

महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंगल धूसड़ को मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से कराए गयें सर्वेक्षण में 'स्वच्छ कैंपस 2019 में 39वाँ स्थान प्राप्त हुआ। इस सर्वेक्षण में देश भर के कुल 6000 संस्थानों ने भाग लिया जिसमें मानक के अनुरूप 69 संस्थान ही पाए गये। सितम्बर 2019 में मानव विकास मंत्रालय की टीम ने महाविद्यालय के परिसर में स्वच्छता, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, हरियाली, सामाजिक सारोकार आदि बिंदुओं पर पडताल करने बाद रिपोर्ट भेजी जिसके आधार पर महाविद्यालय को 39 वाँ स्थान प्राप्त हुआ।

## साप्ताहिक योगाभ्यास कार्यक्रम

प्रत्येक माह की भाँति दिसम्बर माह में भी प्रत्येक शानिवार साप्ताहिक योगाभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वाणिज्य विभाग के प्रभारी डॉ. राजेश शुक्ल ने अनुलोम–विलामन, भुंजगासान, तड़ासन, भ्रामरी, सुखासन आदि का अभ्यास कराया गया।

